प्रतिवेदन सत्र– 2023–24

एम ओ. यू. कार्यक्रम : शासकीय विज्ञान महाविद्यालय, राजनांदगांव

(12 सितम्बर 2023)

शासकीय विज्ञान महाविद्यालय राजनांदगांव एवं शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव के हिन्दी विभाग क संयुक्त तत्वावधान में एम. ओ. यू. के तहत दिनांक 12 सितम्बर 2023 को शासकीय विज्ञान महाविद्यालय राजनांदगांव में डॉ. बल्देव प्रसाद मिश्र जी की जयंती मनाई गई।

शासकीय विज्ञान महाविद्यालय राजनांदगांव की प्राचार्य डॉ. सुमन बघेल ने कहा कि हमारे महाविद्यालय और शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव के हिन्दी विभाग द्वाराएम. ओ. यू. के तहत आज दिनांक 12 सितम्बर 2023 को राजनांदगांव में जन्में माटीपूत्र प्रसिद्ध साहित्यकार डॉ. बल्देव प्रसाद मिश्र जी की जयंती मनाई जा रही है। यह कार्यक्रम डॉ. बल्देव प्रसाद मिश्र जी के जीवन, रचना संसार और उनके साहित्यिक अवदानों को याद करने का दिन है। शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. बी. एन. जागृत ने डॉ. बल्देव प्रसाद मिश्र जी की प्रतिभा और उनके जीवन के कई रोचक प्रसंगों के माध्यम से मिश्र जी के व्यक्तित्व को रेखांकित किया। साथ में यह भी बताया कि उनकी पी. एच. डी. की हिंदी में लिखी थीसिस पर डी. लिट् की उपाधि प्राप्त करने वाले प्रथम व्यक्ति बने।

शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के हिंदी विभाग के प्राध्यापक डॉ. प्रवीण कुमार साहू ने डॉ. बल्देव प्रसाद मिश्र जी की कृतियां राम राज्य, साकेत संत, कौशल किशोर, तुलसी दर्शन, गांधी गाथा आदि के माध्यम से मिश्र जी के वर्ण्य विषय, वैचारिक दृष्टिकोण और उनकी रचना धर्मिता पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस कार्यक्रम का संचालन विज्ञान महाविद्यालय के प्राध्यापक श्री गुणवंता दास खरे ने किया और आभार प्रदर्शन डॉ. फुलसो पटेल नें किया। इस कार्यक्रम में धानेश्वरी देशमुख, डॉ. लक्ष्मण महिलकर और कपिल सूर्यवंशी डॉ. नीलम तिवारी, डॉ.गायत्री साहू और डॉ. स्वाती दूबे सहित हिंदी विभाग के विद्यार्थी उपस्थित थे।

विभागाध्यक्ष (हिंदी)
शासकीय दिग्विजय स्वशासी
स्नातकोत्तर महाविद्यालय
राजनांदगांव (छ.ग.)